तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 18 अगस्त 2025

[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]


4
दही लूट मटका फोड़ के साथ छात्रों ने निकाली शोभायात्रा




श्री शंकराचार्य
कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com


## बच्चों के हक पर विभाग की लापरवाही भारी, दो महीने बाद भी सीटें खाली

# प्राइवेट स्कूलों में एक-तिहाई पढ़ाई पूरी आरटीई में अब तक एडमिशन अधर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गरीब तबके के बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाई का अधिकार दिलाने के लिए बनाई गई आरटीई योजना जिले में मज़ाक बनकर रह गई है। शिक्षण सत्र शुरू हुए दो महीने हो चुके हैं, लेकिन अब भी 569 सीटें खाली हैं। वहीं विभाग की लापरवाही का आलम यह है कि प्राइवेट स्कूलों को आरटीई का 35 करोड़ रुपए का भुगतान पिछले चार साल से अटका पड़ा है। सवाल उठता है कि जब विभाग न तो समय पर एडमिशन करा पा रहा और न ही स्कूलों को भुगतान कर रहा, तो आखिर योजना किसके लिए चलाई जा रही है?

पिछले साल जिले के 244 स्कूलों में 2088 सीटें आरक्षित थीं, जिन पर 4678 आवेदन आए। इस बार पाँच स्कूल कम होकर 239 रह गए, लेकिन सीटें बढ़कर 2132 हो गईं। आवेदन घटकर केवल 3472 रह गए। पहले चरण में 1541 और दूसरे चरण में 22 सीटों का आवंटन हुआ। यानी कुल 1563 सीटें भर पाई हैं। बाकी 569 सीटों पर अब तक कोई फैसला नहीं हो सका है।




### नियमों में बदलाव जरूरी

शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत योजना का लाभ जरूरतमंद छात्रों को निःशुल्क शिक्षा देना है। लेकिन नियम ऐसे है जिसके कारण जरूरतमंद छात्रों को इसका फायदा नहीं मिल रहा है। आरटीई के प्रवेश के लिए 2011 में गरीबी रेखा सूची की आवश्यकता होती हे। इसमें उनके परिवार का नाम होना चाहिए। 14 साल पुरानी सूची होने के कारण बहुत सारे परिवार के बच्चे आवेदन ही नहीं कर पाते हैं। इस प्रकार गरीब और जरूरतमंद होने के बावजूद भी बड़ी संख्या में बच्चे नियमों के कारण प्रवेश नहीं ले पाते हैं।

### सीटें बढ़ीं आवेदन घटे सिस्टम बेअसर

पिछले साल जिले के 244 स्कूलों में 2088 सीटें आरक्षित थीं, जिन पर 4678 आवेदन आए थे। इस बार पाँच स्कूल कम होकर 239 रह गए, लेकिन सीटें बढ़कर 2132 हो गईं। इसके बावजूद आवेदन घटकर 3472 रह गए। इस बार पहले चरण में 1541 और दूसरे चरण में सिर्फ 22 सीटों का आवंटन हुआ। यानि कुल 1563 सीटें ही भर पाईं और बाकी 569 सीटें अब भी अधर में हैं।

### अभिभावकों की नाराज़गी

अभिभावक खुले तौर पर विभाग की धीमी गति पर सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि स्कूल मार्च-अप्रैल से ही नया सत्र शुरू कर देते हैं और अगस्त तक आधा पाठ्यक्रम पूरा हो जाता है। ऐसे में जुलाई-अगस्त में एडमिशन पाने वाले बच्चे पीछे रह जाते हैं। पुसौर तहसील की एक अभिभावक ममता साहू ने कहा कि सरकार कहती है कि गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा का अवसर दे रही है, लेकिन जब एडमिशन ही समय पर नहीं होगा तो बच्चों को नुकसान ही होगा। विभाग कागजों में काम पूरा दिखा रहा है, ज़मीनी हकीकत बिल्कुल अलग है।"

### 35 करोड़ बकाया, स्कूलों का मोहभंग

सबसे बड़ा सवाल विभाग पर 35 करोड़ रुपए के बकाया भुगतान को लेकर है। जिले के प्राइवेट स्कूल संचालक बताते हैं कि चार वर्षों से आरटीई का पैसा अटका पड़ा है। इस वजह से स्कूलों का मोहभंग हो रहा है और कई संस्थान आरटीई से किनारा कर रहे हैं। एक संचालक ने नाम न छापने की शर्त पर कहा जब सरकार भुगतान नहीं कर रही, तो बच्चों को एडमिशन देने का बोझ हम क्यों उठाएं? विभाग की उदासीनता से योजना दम तोड़ रही है।"

### होगी भर्ती

आरटीई के तहत दो चरणों में प्रवेश लिया जा चुका है। तीसरे चरण की तैयारी चल रही है। हां इस साल प्रवेश लेने में थोड़ी देरी तो हुई है। मगर हमारा प्रयास है कि बहुत जल्द इस प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाए।

केवी वेंकट राव
जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़




# ओवरब्रिज पर दो बाइक भिड़ीं, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जन्माष्टमी मेला देखने आए युवकों की रात अचानक मातम में बदल गई, जब जूटमिल थाना क्षेत्र के ओवरब्रिज पर दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दर्दनाक हादसे में 19 वर्षीय देवानंद महंत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके तीन साथी गंभीर रूप से घायल हो गए।

■ जन्माष्टमी की खुशियां मातम में बदल गईं

जानकारी के अनुसार, पूंजीपथरा तराईमाल निवासी देवानंद महंत अपने मित्र श्रवण के साथ और बांजीनपाली निवासी महेन्द्र घटकवार अपने दोस्त रविकांत बेहरा के साथ मेला देखने रायगढ़ पहुंचे थे। रात लगभग 12 बजे वे लौटते समय ओवरब्रिज पर पहुंचे ही थे कि सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद आस-पास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और चारों युवकों को रायगढ़ मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। यहां गंभीर रूप से घायल देवानंद ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उसके साथी श्रवण की हालत अभी भी गंभीर बताई जा रही है और उसका इलाज मेडिकल कॉलेज में जारी है। वहीं, महेन्द्र और रविकांत को परिजनों ने पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। दोनों बाइकों के बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने से हादसे की गंभीरता साफ झलक रही थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में अंधेरे और तेज रफ्तार को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है। इस दुर्घटना से मेला क्षेत्र और गांवों में मातम पसर गया। परिजन और दोस्त शोक में डूबे हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### न्यायालय परिसर मे फहराया तिरंगा

**कूड़ेकेला।** स्वाधीनता दिवस के अवसर पर तालुका विधिक सेवाएं समिति की अध्यक्ष श्रीमती प्रिया रजक द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया इस अवसर पर न्यायालीन कर्मचारी थाना स्टॉफ अधिवक्ता गण पैरलीगलवालिंटियर मौसमी शर्मा, सावित्री डनसेना, सदानंद उपस्थित थे सभी ने मिल कर तिरंगे झंडे का सम्मान करते हुए सलामी दी गई राष्ट्र गान जन गण मन अधीनायक का गान किया गया एवं प्रसाद वितरण किया गया।

### गारे परियोजना से गांवों में बदलाव

**रायगढ़।** तमनार तहसील के 14 गाँवों में बदलाव की बयार है। महाराष्ट्र राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (महाजेनको) द्वारा 7500 करोड़ की गारे-पामा सेक्टर-II कोयला खदान परियोजना शुरू की जा रही है। इसके तहत 2500 भूमिधारी परिवारों को औसतन 35 लाख प्रति एकड़ मुआवज़ा और 500 करोड़ का पुनर्वास पैकेज मिलेगा। परियोजना से 2000 प्रत्यक्ष और हज़ारों परोक्ष रोजगार सृजित होंगे। किसानों का कहना है कि अब वे नया मकान बना पाएँगे और बच्चों को बेहतर शिक्षा दिला सकेंगे। हर साल यहाँ से 2.36 करोड़ टन कोयला निकलेगा, जिससे राष्ट्रीय ग्रिड को 3200 मेगावाट बिजली मिलेगी और सरकार को लगभग 40,000 करोड़ का राजस्व प्राप्त होगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए कंपनी 2256.60 हेक्टेयर पर 56 लाख पौधे लगाने की योजना बना चुकी है। यह पहल केवल खनन परियोजना नहीं, बल्कि ग्रामीणों को उद्यमिता और समृद्धि की राह पर ले जाने वाला कदम साबित होगी।

### कांग्रेस कार्यालय में फहराया गया तिरंगा

खरसिया। देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मदनपुर खरसिया बैरियर चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय में ध्वजारोहण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अभय मोहंती, विशिष्ट अतिथि प्रिंस सलूजा और मनोज गबेल मौजूद रहे। तिरंगा फहराते ही उपस्थित कांग्रेसजनों ने तालियों की गड़गड़ाहट और भारत माता की जयकारों से वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर कांग्रेसजन नीरज पटेल, रामकिशुन आदित्य, परीक्षित राठौर, बरतराम डनसेना, सरोज चौहान, जैकी चौहान, राजकुमार समेत सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे।

# मध्यप्रदेश के विदिशा में आयोजित होगी सेना भर्ती रैली

**रायगढ़।** सेना भर्ती कार्यालय भोपाल द्वारा आयोजित की जा रही सेना भर्ती रैली आगामी 22 अगस्त से 02 सितम्बर तक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्टेडियम विदिशा मध्यप्रदेश में संपन्न होगी। इस भर्ती रैली में मध्य प्रदेश के साथ साथ छत्तीसगढ़ राज्य के उम्मीदवार भी भाग लेंगे।

सेना भर्ती कार्यालय रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थियों के लिए 31 अगस्त से 01 सितम्बर तक का समय निर्धारित किया गया है। यह भर्ती रैली केंद्रीय नियंत्रण श्रेणी के अंतर्गत आने वाले निम्नलिखित पदों के लिए आयोजित की जा रही है। जिसमें सिपाही फार्मा, सिपाही तकनीकी नर्सिंग सहायकए धर्म गुरु जेसीओ, जेसीओ केटरिंग, एजुकेशन हवलदार और हवलदार सर्वेयर ऑटोमेटेड कार्टोग्राफर पद के शामिल है। इन पदों पर वहीं अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे, जिन्होंने जून जुलाई 2025 में सेना द्वारा आयोजित कॉमन एंट्रेंस एग्जाम सीईई में सफलता प्राप्त की है। रैली के दौरान शारीरिक दक्षता परीक्षण, दस्तावेजों की जांच, और चिकित्सा परीक्षण किया जाएगा। रैली में भाग लेने वाले योग्य अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र शीघ्र ही उनके ई मेल पर भेज दिए जाएंगे।

### अभ्यर्थियों के लिए निर्देश जारी

भर्ती स्थल पर प्रवेश केवल एडमिट कार्ड पर अंकित तिथि और समय के अनुसार ही दिया जाएगा। दौड़ का आयोजन रात 1 बजे से प्रारंभ होगा, अतः अभ्यर्थियों को समय से पहले पहुंचना अनिवार्य है। उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड, सभी मूल प्रमाण पत्र, रैली अधिसूचना में मांगे गए दस्तावेज एवं आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य है।

### वाच टावर के पास किसान की बाइक चोरी

पुसौर। ग्राम आरमुडा निवासी किसान पालुराम पटेल स्वतंत्रता दिवस की सुबह अपनी हीरोहोंडा डीलक्स बाइक (क्रमांक सीजी 13 जे 4272) लेकर खेत गए थे। उन्होंने बाइक एनटीपीसी लारा परियोजना के वाच टावर क्रमांक-6 के पास खड़ी की और खेत में काम करने चले गए। दोपहर को लौटने पर बाइक गायब मिली। उन्होंने आसपास तलाश की लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। अंततः उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि चोरी की वारदातें आए दिन हो रही हैं, परंतु लोग कार्यवाही के झंझट से रिपोर्ट दर्ज नहीं कराते। वाच टावर में लगे सीसी कैमरों की उपयोगिता पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि कैमरों की फुटेज खंगालकर चोरी की जांच की जाए और अपराधियों तक पुलिस पहुंचे।

# ओपीजेयू में इंडस्ट्री 4.0 की क्रांति को बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

ओपी जिंदल विश्वविद्यालय रायगढ़ के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा रोबोटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की इंडस्ट्री 4.0 में भूमिका विषय पर एक सप्ताह का अटल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम 4 अगस्त से 9 अगस्त 2025 तक आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम एआईसीटीई की अटल अकादमी के तत्वावधान में संपन्न हुआ। इस एफडीपी का उद्देश्य शिक्षकों और शोधकर्ताओं को रोबोटिक्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आधुनिक उद्योगों में इनके अनुप्रयोगों के नवीनतम रुझानों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में देश भर से विशेषज्ञों द्वारा विविध तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया। 9 अगस्त को आयोजित समापन समारोह के आरंभ में संयोजक डॉ. महेश भिवापुरकर ने पूरे एफडीपी की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान देश के विभिन्न प्रमुख संस्थानों जैसे उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों ने व्याख्यान और व्यावहारिक सत्रों के माध्यम से अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में वैभव केसरवानी, डॉ. बीबीवीएल दीपक, डॉ. सोमक दत्ता, डॉ. बप्पा आचरजी, डॉ. अविनाश रॉय, डॉ. संदीप दहाके, डॉ. अतुल कुमार साहू एवं डॉ. वी पांडु रंगा ने अपनी विशेषज्ञता के साथ सक्रिय सहभागिता की और प्रतिभागियों को विषय से संबंधित महत्वपूर्ण ज्ञान व अनुभव प्रदान किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि रहे अविनाश रॉय स्टेट हेड सेल्स टाटा मोटर्स ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स न केवल उत्पादन क्षमता बढ़ाने का माध्यम बन चुके हैं बल्कि वे गुणवत्ता, सुरक्षा और लागत प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में भी क्रांतिकारी बदलाव ला रहे हैं। श्री रॉय ने प्रतिभागियों को उद्योग की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप खुद को अद्यतन करने की सलाह दी और इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अकादमिक तथा औद्योगिक जगत के बीच सेतु के रूप में बताया। कुलपति डॉ. आर डी पाटीदार ने इसे शिक्षकों व शोधकर्ताओं को भविष्य की तकनीकों से सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. महेश भिवापुरकर और सह संयोजक डॉ. सरोज कुमार ने सभी विशेषज्ञों व प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। यह आयोजन विश्वविद्यालय की अकादमिक उत्कृष्टता और तकनीकी नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

■ रोबोटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रोग्राम का सफल समापन



# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

**सरिया।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न एवं छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी की सातवीं पुण्यतिथि पर नगर पंचायत सरिया में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। शनिवार शाम 5 बजे प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्राही के नेतृत्व में नगर पंचायत पर अटल परिसर में स्थापित वाजपेयी जी की आदमकद प्रतिमा पर अगरबत्ती दिखाकर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जगनाथ पाणिग्राही ने कार्यक्रम को संबोधित किया और वाजपेयी के जीवन पर प्रकाश डाला। जगन्नाथ पाणिग्राही ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने राजनीतिक जीवन में देश के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि वाजपेयी जी ने भारतीय राजनीति को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ का निर्माण किया और प्रदेश की चहुंमुखी विकास के लिए कृतसंकल्पित थे। जो आज सबके सामने छत्तीसगढ़ विकास की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम को वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता ईश्वर साव ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भारत ने पोखरण परमाणु परीक्षण और कारगिल युद्ध में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की है। साथ ही साथ छत्तीसगढ़ निर्माण में वाजपेयी का योगदान है। इसे हम कभी भूल नहीं पाएंगे। श्रद्धांजलि सभा के मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष अरुण शराप, वरिष्ठ पार्षद मोतीलाल स्वर्णकार वरिष्ठ भाजपा नेता मौजूद रहे।



# उल्टा फहराया तिरंगा, संवेदनशीलता पर सवाल

**पुसौर।** स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर पुसौर मुख्यालय में तिरंगा उल्टा फहराने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार झंडे को उल्टा फहराकर न केवल सलामी दी गई बल्कि राष्ट्रगान और उद्बोधन कार्यक्रम भी संपन्न कराया गया। बाद में जब त्रुटि की जानकारी हुई तो झंडे को तत्काल सीधा किया गया।

जनजागरण मंच ने इस घटना की पुष्टि की है। यह स्थिति जिम्मेदार अधिकारियों और आयोजकों की लापरवाही और असंवेदनशीलता को दर्शाती है। झंडा संहिता का उल्लंघन राष्ट्रीय सम्मान का अपमान है। राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम 1971 के तहत तिरंगे के अपमान पर तीन साल की सजा, जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। लोगों का कहना है कि शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश हैं कि राष्ट्रीय ध्वज का फहरावन पूर्ण सम्मान और विधि-विधान से होना चाहिए, लेकिन जानकारी के अभाव या जल्दबाजी में इस तरह की चूकें हो रही हैं। प्रशासन से मांग की जा रही है कि दोषियों की जिम्मेदारी तय की जाए।



## 6 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट रायगढ़ बना उत्पादन शुरू करने वाला पहला जिला

# स्व सहायता समूहों ने शुरू किया रेडी टू ईट का उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को मूर्त रूप देते हुए महिला स्व.सहायता समूहों को पूरक पोषण आहार रेडी टू ईट निर्माण का कार्य पुनः सौंपा है। इस महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत रायगढ़ जिले से हुई है। हाल ही में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायगढ़ की 10 महिला स्व सहायता समूहों को अनुबंध पत्र प्रदान किए थे। इसके बाद मशीन इंस्टॉलेशन का कार्य तेजी से किया गया और अब रायगढ़ जिले के ग्राम पंचायत कोतरलिया से रेडी टू ईट उत्पादन का शुभारंभ हो चुका है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह पहल महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही आंगनबाड़ी के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक आहार उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि देशभर में 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है और छत्तीसगढ़ इस दिशा में तेज गति से कार्य कर रहा है। रायगढ़ इस अभियान में अग्रणी जिला बना है।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने ग्राम कोतरलिया में रेडी टू ईट निर्माण इकाई का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं मशीन चलाकर निर्माण प्रक्रिया का निरीक्षण किया और महिलाओं को गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। वित्त मंत्री ने कहा कि रायगढ़ से प्रारंभ हुई यह पहल शीघ्र ही प्रदेश के सभी जिलों में लागू होगी और यह मॉडल पूरे प्रदेश के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बनेगा।

उल्लेखनीय है कि रायगढ़ जिले में कुल 2709 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। इन सभी केंद्रों के लिए 10 महिला स्व सहायता समूहों का चयन किया गया है। इन समूहों को प्रधानमंत्री फॉर्मेलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइज़ योजना के अंतर्गत पूंजीगत सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। रायगढ़ जिले की परियोजनाओं रायगढ़ शहरी, रायगढ़ ग्रामीण, पुसौर, खरसिया, घरघोड़ा, तमनार, लैलूंगा, मुकड़ेगा, धरमजयगढ़ एवं कापू के अंतर्गत चयनित समूह जल्द ही रेडी टू ईट उत्पादन प्रारंभ करेंगे। फिलहाल इसकी शुरुआत कोतरलिया से हो चुकी है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण और कुपोषण मुक्ति के इस मिशन को प्रथम चरण में प्रदेश के 6 जिलों बस्तर, दंतेवाड़ा, बलौदाबाजार, कोरबा, रायगढ़ एवं सूरजपुर में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया जा रहा है। वहीं रायगढ़ प्रदेश का पहला जिला बन गया है जहां महिला समूहों ने रेडी टू ईट उत्पादन प्रारंभ किया है। यह पहल महिलाओं की आर्थिक समृद्धि और बच्चों के स्वास्थ्य दोनों को नई दिशा प्रदान करेगी।





अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़, काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति भवन में शामिल हुई बगीचा की सुमन



**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत नगर पंचायत बगीचा की हितग्राही श्रीमती सुमन तिर्की ने 15 अगस्त के पावन संध्या पर राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में आयोजित एट होम रिसेप्शन में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ था। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद, प्रधान न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, केंद्रीय मंत्री, राजनयिक, विभिन्न क्षेत्रों के प्रख्यात व्यक्तित्व, केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थी, दिव्यांगजन तथा विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि शामिल हुए थे। सुमन तिर्की को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अतिरिक्त महतारी वंदन, उज्जवला योजना, खाद्यान्न योजना आदि का लाभ भी प्राप्त हुआ है। श्रीमती तिर्की एवं उनके पति आनंद तिर्की और नोडल अधिकारी आशुतोष ताम्रकार एवं सुबोध जायसवाल और पंकज सिंह 14 अगस्त को स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर से नई दिल्ली के लिए रवाना हुए थे।

### बस स्टैंड निर्माण हेतु 1.99 करोड़ की स्वीकृति

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में जनसुविधा आधारित अधोसंरचना विकास को नई गति मिल रही है। उनके कार्यभार संभालते ही किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और आम नागरिकों की आवश्यकताओं को केंद्र में रखते हुए विभिन्न विकास कार्यों को निरंतर स्वीकृति मिल रही है और योजनाएं तेज़ी से ज़मीन पर उतर रही हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री घोषणा मद से जशपुर जिले के बंदरचुवा में सर्वसुविधायुक्त बस स्टैंड तथा दुलदुला में बस स्टैंड निर्माण हेतु कुल 1 करोड़ 99 लाख 98 हजार की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन निर्माण कार्यों से यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, यात्रा सुगम होगी और क्षेत्रीय परिवहन व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री की पहल पर बंदरचुवा में सर्वसुविधायुक्त बस स्टैंड के निर्माण के लिए 99.99 लाख रुपए और दुलदुला में बस स्टैंड निर्माण के लिए 99.99 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है।

### फसल चक्र परिवर्तन हेतु कार्यशाला आयोजन

**जशपुरनगर।** अंतराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत डीसीडीसी द्वारा अनुमोदित वार्षिक कैलेंडर अनुसार विकासखंड कुनकुरी के अंतर्गत ग्राम गिनाबहार तथा विकासखंड दुलदुला में फसल चक्र परिवर्तन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृषकों को फसल चक्रण के लाभ एवं तरीकों से अवगत कराते हुए इसके संबंध में विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई। कृषकों की इस संबंध में जिज्ञासाओं का भी विशेषज्ञों द्वारा निराकरण किया गया।

### दुकान में घुसकर गल्ले से 2.48 लाख की चोरी

**लखनपुर।** हार्डवेयर दुकान के गल्ले से 2.48 लाख रुपए की चोरी का मामला सामने आया है। चोर दुकान में घुसकर गल्ले से रुपए लेकर फरार हो गया। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि नगर के वार्ड क्रमांक 7 निवासी 21 वर्षीय उद्यांशु अग्रवाल आ. शैलेन्द्र अग्रवाल की फारेस्ट ऑफिस के सामने सावित्री हार्डवेयर के नाम से दुकान संचालित है। 15 अगस्त की रात 8.45 बजे व्यवसायी दुकान का शटर गिराकर बस स्टैंड की तरह गया हुआ था। इस दौरान रात 9.17 बजे दुकान की दूसरी मंजिल पर स्थित घर से व्यवसायी की मां अनीता अग्रवाल ने किसी अज्ञात व्यक्ति को दुकान का शटर उठाकर अंदर प्रवेश करते हुए देखा लेकिन जब तक महिला दुकान में आती चोर भाग चुका था।

## मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय ने की पूजा अर्चना

# राधा कृष्ण मंदिर में धूमधाम से मना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन इस वर्ष पमशाला के प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर में बड़े ही भक्ति भाव और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। मंदिर प्रांगण को रंग-बिरंगी झालरों, फूलों और रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया था। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय विशेष रूप से कार्यक्रम में शामिल हुईं।

उन्होंने विधिविधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। रात्रि भर मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु झूमते और गाते नजर आए। भक्तों ने हरे कृष्ण-हरे राधे के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। अर्धरात्रि में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का मुख्य आयोजन हुआ। नंदलाला के रूप में सजे श्रीकृष्ण को माखन-मिश्री, फल, मेवे और पंचामृत का भोग लगाया गया। इसके बाद भगवान की भव्य पालकी सजाई गई, जिसमें बारी-बारी से भक्तों ने झूला झुलाकर आनंद लिया।



### लड्डू गोपाल जन्मे तो चांदी के पालने में झुलाया



शहर के बालाजी मंदिर में शनिवार रविवार की मध्यरात्रि को भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। भगवान के जन्मोत्सव में शामिल होने के लिए शहर के हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जमा हुई। रात 11.58 मिनट में मंदिर की घंटी बजनी शुरू हुई और मंदिर के गर्भगृह को खोला गया। यश प्रताप सिंह पुरोहितों के साथ मंदिर के गर्भगृह में दाखिल हुए। घड़ी में घंटा, मिनट और सेकंड की सुई जैसे ही 12 पर पहुंची। जय श्रीकृष्ण की जयघोष से समूचा शहर गूंज उठा। शंख बजने लगे और शंख की ध्वनियों के बीच भगवान की मूर्ति को मंदिर से निकाला गया। भगवान की मूर्ति को गर्भगृह से निकालने के बाद उन्हें फूलों से सजे चांदी के पालने में विराजमान किया गया। पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार शुरू किए। सबसे पहले मूर्ति का पवित्रीकरण किया गया। इसके बाद दूध, दही, गंगाजल, घी, मधु और पंचामृत से भगवान का स्नान कराया गया। स्नान के बाद भगवान का विशेष श्रृंगारकर उन्हें पालने में व्यवस्थित कर दिया। इसके बाद पुरोहितों ने स्वतिन वाचन और मंगलाचार किया। आधी रात को भगवान की विशेष पूजा के बाद ढोल व नगाड़ों की गूंज के बीच महाआरती की गई। महाआरती के बाद प्रसाद बांटा गया।

### श्रद्धालुओं का उत्साह देखते बन रहा था

श्रद्धालुओं ने बड़े ही उत्साह से इस जन्मोत्सव में भाग लिया। अनुष्ठान कराने वाले पुरोहितों में पं मनोज रमाकांत मिश्रा, परमानंद मिश्रा, द्वारिका मिश्रा सहित अन्य शामिल थे। रात को जन्मोत्सव होने के बाद रविवार को दिनभर श्रद्धालु पूजन के लिए मंदिर पहुंचे।

### शाम 7 बजे से ही जुटने लगे थे भक्त

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के लिए भगवान बालाजी मंदिर को फूल की मालाओं व इलेक्ट्रिक लाइटों से सजाया गया। मंदिर में भीड़ शाम 7 बजे से जुटनी शुरू हो गई। इस मौके पर यहां भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें रात 8 बजे से शुरू हुई भजन संध्या में भक्त कृष्ण की भक्ति में खूब झूमे। नटखट नटखट नंदकिशोर, माखन खा गयो माखन चोर, ओ नंदलाला, राधे राधे आदि भजनों की प्रस्तुति दी गई।

### राधाकृष्ण मंदिर में भी धूमधाम

जिला अस्पताल के पास स्थित राधाकृष्ण मंदिर में भी जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। यहाँ मुख्य रूप से पं. गौरीशंकर मिश्र ने पूजा-अर्चना करवाई। मंदिर समिति के सत्येंद्र सिंह, प्रमोद मिश्रा, सतीश वर्मा, रवि मिश्रा, अजित प्रधान, रजनीकांत मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु आयोजन में शामिल हुए।

### कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में महाकुल समाज का दिखा श्रद्धा

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव इस वर्ष भी गरियादोहर गांव में पूरे हर्षोल्लास और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। महाकुल समाज द्वारा आयोजित यह परंपरा बीते तीन पीढ़ियों से लगातार जारी है, जिसने पूरे गांव को भक्ति और उल्लास से भर दिया है। पहले दिन मध्यरात्रि में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव विधिविधान से मनाया गया,इस अवसर पर भजन-कीर्तन और झूला उत्सव ने भक्तों को आनंदित कर दिया। वहीं दूसरे दिन प्रातः काल से ही नगर भ्रमण का आयोजन हुआ। नगर भ्रमण में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भजन-कीर्तन की गूंज और ₹जय श्रीकृष्ण₹ के जयकारों से पूरा गांव गूंज उठा। नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने परंपरा के अनुसार श्रीकृष्ण का पांव पखार कर पूजा-अर्चना की। इस परंपरा को देखने और भाग लेने के लिए आसपास के गांवों से भी लोग बड़ी संख्या में पहुंचे।



**कंचनपुर कीर्तन मंडली ने बांधा समाः** गरियादोहर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के दूसरे दिन नगर भ्रमण और भजन-कीर्तन के दौरान कंचनपुर की प्रसिद्ध कीर्तन मंडली ने अपनी प्रस्तुतियों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मंडली के गायक आदर्श प्रधान की मधुर आवाज़ और भक्ति रस से ओतप्रोत गायन ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## कौशल विकास प्रशिक्षण से युवाओं को मिले रोजगार के बेहतर अवसर



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन एवं दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश के छात्र-छात्राओं को कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला जशपुर के लाइवलीहुड कॉलेज परिसर में संचालित नवगुरुकुल शिक्षण संस्थान के माध्यम से बारहवीं उत्तीर्ण छात्राओं तथा स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम से जुड़ने की इच्छुक युवतियों को बिजनेस एवं टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। संस्थान में अध्ययनरत छात्राओं को हॉस्टल, भोजन एवं लैपटॉप जैसी आवश्यक सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियाँ भी आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो सकें।

## कुपोषण को दूर करने बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारी सम्मानित

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप जिला प्रशासन जशपुर द्वारा कुपोषण की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आईआईटी मुंबई की टीम के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण और कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।



जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा ने बताया कि 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत स्तनपान के 45 बिंदु, पोषण आहार एवं पूरक आहार जैसे विषयों पर आधारित एक ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के लगभग 5,000 कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता की। स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वास्थ्य विभाग के 5 एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के 5 कर्मचारियों को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक जशपुर श्रीमती रायमुनी भगत जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय कलेक्टर रोहित व्यास एवं जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने सभी सम्मानित कर्मचारियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिले में कुपोषण उन्मूलन हेतु निरंतर समर्पित प्रयास जारी रहेंगे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम और मार्च पास्ट में जोगपाल पब्लिक स्कूल का जलवा



**कांसाबेल।** कांसाबेल स्थित जोगपाल पब्लिक स्कूल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कांसाबेल हाई स्कूल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम और मार्च पास्ट में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। स्कूल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में दूसरा और मार्च पास्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिससे उसके छात्रों की लगन और कड़ी मेहनत का परिचय मिला। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांसाबेल, जनपथ की अध्यक्ष श्रीमती सरिता भगत की उपस्थिति रही, जिन्होंने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। जोगपाल पब्लिक स्कूल की यह उपलब्धि छात्रों के अथक प्रयासों और उनके शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। पीटी शिक्षिका सुश्री कंचन डुंगडुंग और विपिन निषाद ने छात्रों को मार्च पास्ट के लिए सावधानीपूर्वक तैयार किया।

## मामूली विवाद में सौतेले भाई की हत्या, वृद्ध दंपती गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** रिश्तों में आई खटास ने एक घर का सुख-चैन छीन लिया। मामूली विवाद ने ऐसा तूल पकड़ा कि वृद्ध दंपति ने अपने ही सौतेले भाई पर लाठी से हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से घायल की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी दंपति को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।



पुलिस के अनुसार थाना कांसाबेल क्षेत्रांतर्गत ग्राम अग्बाधार, सरनाटोली निवासी पूषा राम (72 वर्ष) अपने सौतेले बड़े भाई बुटुलराम (73 वर्ष) के घर 12 अगस्त को पहुंचे थे। वहां उन्होंने बुटुलराम के बेटे को शराब पीने चलने के लिए कहा। इसी बात पर बुटुलराम भड़क उठा और कहने लगा कि "तुम मेरे बेटे को शराब पिलाकर बर्बाद कर रहे हो। बातों-बातों में विवाद इतना बढ़ा कि बुटुलराम ने अपने सौतेले भाई पूषा राम को गालियां देना शुरू कर दिया। तभी उसकी पत्नी सुखमति बाई (67 वर्ष) भी मौके पर पहुंच गई। दोनों ने मिलकर पूषा राम पर लाठियों से हमला कर दिया। हमले में पूषा राम के सिर पर गंभीर चोटें आईं और वे मौके पर ही लहूलुहान हो गए।

घायल पूषा राम को 13 अगस्त को शासकीय अस्पताल कांसाबेल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने उनके सिर पर गहरी चोट की वजह से हालत नाजुक बताई थी। उपचार के दौरान 14 अगस्त को पूषा राम ने दम तोड़ दिया। वारदात की रिपोर्ट मृतक के भतीजे दुष्यंत राम (40 वर्ष) ने थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों आरोपियों बुटुलराम (73 वर्ष), सुखमति बाई (67 वर्ष) निवासी ग्राम अग्बाधार, सरनाटोली, थाना कांसाबेल के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया। पुलिस ने जांच के दौरान हत्या में प्रयुक्त बांस का डंडा और घटना के वक्त पहने कपड़े भी जब्तकर लिए।

पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल किया। पर्याप्त सबूतों के आधार पर दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर बीएनएस की धारा 103(1)(3)(5) के तहत न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### गागर नदी पुल से नीचे गिरा सीमेंट लोड ट्रेलर

**राजपुर।** शनिवार की शाम एनएच 43 पर सीमेंट लोड ट्रेलर अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिर गया। इस घटना में चालक बाल बाल बच गया। बताया जा रहा है कि शनिवार को ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 पीसी 6107 लगभग 800 बोरी सीमेंट लोड कर बलौदाबाजार से झारखंड के गढ़वा की ओर जा रहा था। इस दौरान शाम 5 जे राजपुर और बरियों के बीच गागर नदी पुल पर सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार कार को बचाने के लिए चालक ने वाहन को साइड किया और ट्रेलर का पहिया पुल से नीचे लटकने के बाद ट्रेलर पुल से नीचे पलट गया। इस घटना के बाद चालक वाहन में ही फंस गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा चालक को बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### नाबालिग का अपहरण व दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



चौकी पंडरापाठ क्षेत्र में नाबालिग बालिका के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार मामला 10 अगस्त का है। जब ग्राम निवासी 21 वर्षीय आरोपी मनदीप राम ने गांव की ही 13 वर्षीय नाबालिग बालिका का अपहरण कर उसे अपने साथ ले गया। 12 अगस्त को परिजनों ने बच्ची को गांव के पास स्थित जंगल में अकेले हालत में पाया। बालिका ने परिजनों को बताया कि आरोपी ने उसे जंगल में दो दिनों तक बंधक बनाकर रखा और इस दौरान दुष्कर्म किया। पीड़ित परिजन तत्काल चौकी पंडरापाठ पहुंचे और घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बी.एन.एस. की धारा 137(2), 64(2), 65(1) एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 5, 6 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। नाबालिक पीड़िता का मेडिकल परीक्षण व इलाज कराया गया।विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की और उसे उसके घर से घेराबंदी कर हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया।

### रेंज की बड़ी लापरवाही उजागरः तस्करों को पकड़ना विभाग के लिए बड़ी चुनौती

# बादलखोल अभयारण्य के जंगल में रातोंरात काट दिए गए साल प्रजाति के 8 पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

बादलखोल अभयारण्य वन क्षेत्र में इन दिनों वन माफिया ने आतंक मंचा रखा है। या यह कहें की वन विभाग के अधिकारियों या कर्मचारियों की लापरवाही के चलते यहां के हरे-भरे पेड़ों का अवैध कटान हो रहा है, क्योंकि इस तरह के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। यहां छोटे बड़े पेड़ पौधे के ठूंठ देखने को मिलते रहें है। और अब साहीडांड़ बीट क्षेत्र के जंगल में बीती रात फिर से साल के पेड़ों पर आरी चला दी।

जैसे ही सर्किल अधिकारी को सूचना मिली, वे मौके पर पहुंचे और एक फॉरेस्ट गार्ड को बुलाया। कटे हुए पेड़ों को उठाकर डिपो भेजने की तैयारी में जुट गए ताकि मीडिया को इसकी भनक न लगे। परन्तु इस घटना ने वन विभाग के रेन्ज के जिम्मेदार अधिकारी की कार्यशैली और सतर्कता पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। बता दें कि जिले के एकमात्र अभयारण्य बादलखोल में पुराने विकसित पेड़ों की चोरी धड़ल्ले से हो रही है। 13 अगस्त की रात को साहीडांड़ बीट में चेनसों मशीन का उपयोग कर करीब 50 साल से अधिक के पुराने 8 पेड़ काट दिए गए हैं। पेड़ों को गिराने के क्रम में करीब 5 अर्धविकसित पेड़ भी दब कर धाराशायी हो गए हैं।13 अगस्त को विशालकाय आठ पेड़ जो काटे गए हैं, उसकी सूचना ग्रामीणों के माध्यम से अभयारण्य अमले को मिली। 14 अगस्त को चुपचाप अभयारण्य के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर कटे हुए पेड़ों की जब्ती बनाई और आनन-फानन में पेड़ों को डिपो भेजने की तैयारी करने लगे। 15 अगस्त की तैयारी की वजह से जब डिपो भेजने की व्यवस्था नहीं हो पाई तो कटे हुए पेड़ यहीं पड़े रह गए। हरिभूमि को जब इसकी सूचना मिली तो मौके पर पहुंचे।



### बाहरी गिरोह होने की आशंका

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामीण भोजन इंधन के लिए लकड़ियां काटते हैं। इतने बड़े पेड़ों को काटने की हिम्मत स्थानीय लोग नहीं करेंगे। इन पेड़ों को काटने के लिए मशीन का उपयोग किया गया है। इसलिए यह स्पष्ट है कि इसमें किसी बाहरी गिरोह का हाथ है। रेंज अधिकारी की लापरवाही के कारण यह संभव हो रहा है।

### तस्करों पर नहीं की जा रही कार्रवाई

लंबे समय से अभयारण्य में इस तरह की गतिविधियां जारी है। इधर अभयारण्य अमले द्वारा ना तो अवैध कटाई पर कोई कार्रवाई की जा रही है और न ही तस्करों तक पहुंच पा रही है, बड़ी घटनाओं के सामने आने के बाद भी कोई विशेष कार्रवाई नहीं की जाती है। यहां पेड़ों की बेतहाशा कटाई हो रही है। बहुत कम बार विभाग को कटे हुए पेड़ जब्त होते हैं। अक्सर लकड़ी तस्करी करने वाले बेशकीमती पेड़ों को काटकर ले जाते हैं। जिसे लेकर ना तो कोई प्रकरण बनाया जाता है और ना ही कोई जांच होती है।

### 8 पेड़ काटे गए

13 अगस्त की रात अज्ञात तस्करों द्वारा 8 पेड़ काटे गए और साथ ही भारी पेड़ के गिरने से 5 से 6 पेड़ टूट गए है। कटे हुए पेड़ों को बोंगी कर डिपो भेजने की तैयारी कर रहे है।

-**सुरेन्द्र प्रधान**, डिप्टी रेंजर-बादलखोल अभयारण्य

### निर्देश दिए हैं

पेड़ काटे जाने की सूचना स्टाफ से मिली थी। किसने पेड़ काटे हैं, इसकी पतासाजी के लिए गुप्तचर लगाए गए हैं। कटे हुए पेड़ों को डिपो भेजने के निर्देश दिए गए हैं। गश्ती वाहन की शिकायत मिलने के बाद वाहन को अभयारण्य के सर्किल साहीडांड़ में रखने के निर्देश रेंजर को दिए हैं।

-**बीबी केरकेट्टा** - अधीक्षक, बादलखोल अभयारण्य

**गश्ती वाहन का उपयोग सिर्फ एक के हाथ में:** अभयारण्य प्रशासन ने अभयारण्य क्षेत्र में गश्ती के लिए वाहन दिया है। पर इस वाहन का उपयोग सिर्फ एक अधिकारी कर रहे हैं। अभयारण्य कर्मचारियों ने बताया कि कभी भी गश्ती के लिए वाहन ले जाने को नहीं बोला जाता हैं। बरसात में भी बाइक में गश्ती करने को मजबूर हैं। जो शासकीय वाहन मिला है, उसका उपयोग रेंज अधिकारी स्वयं करते हैं। इस संबंध में जब हमने रेंजर से बातचीत करनी चाही तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

**क्या होगा तस्करों पर कार्रवाई:** वन विभाग के उच्च अधिकारी इस मामले की गहराई से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करेंगे या फिर इसे भी बाकी मामलों की तरह फाइलों में दबा दिया जाएगा। प्राकृतिक संसाधनों की इस खुली लूट पर रोक लगाने के लिए ज़मीनी स्तर पर सक्रिय निगरानी की सख्त ज़रूरत है। वरना बादलखोल अभयारण्य बचे हुए हरित क्षेत्र जल्द ही बंजर में तब्दील हो सकते हैं। क्या इस खबर पर खबर पर वन विभाग के उच्चधिकारी संज्ञान लेकर अधिकारियों की मॉनिटरिंग कराएंगे? अन्यथा आने वाले समय में जंगल को बचा पाना मुश्किल हो जाएगा।



# परेश की फिल्म 'द ताज स्टोरी' की रिलीज तारीख से उठा पर्दा

**मुंबई।** अभिनेता परेश रावल पिछली बार फिल्म 'अजेयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी' में दिखे थे, लेकिन यह फिल्म कब आई और कब चली गई, किसी को पता भी नहीं चला। आने वाले समय में परेश एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे और अब उनकी नई फिल्म का ऐलान हो गया है, जिसका नाम 'द ताज स्टोरी' है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान तुषार अमरीश गोयल ने संभाली है। 'द ताज स्टोरी' का निर्माण सीए सुरेश झा कर रहे हैं। फिल्म का पहला वीडियो सामने आ गया है, जिसमें परेश एक अदालत में खड़े होकर बौद्धिक आतंकवाद के मुद्दे पर जोरदार बहस करते नजर आ रहे हैं।

लाइफ Style



# आलिया

## लेकर आ रहीं यंग एडल्ट फिल्म

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आलिया भट्ट बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में शुमार हैं, जिन्होंने बहुत कम समय और उम्र में इंडस्ट्री में अपनी एक खास जगह बनाई है। फिल्म दर फिल्म उनकी लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। पिछली बार आलिया को फिल्म 'जिगरा' में देखा गया था, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया।

आने वाले समय में वह कई बड़ी फिल्मों में नजर आएंगी। अब खबर आ रही है कि आलिया एक युवा वयस्क (यंग-एडल्ट) फिल्म लेकर आ रही हैं। पीपिंगमून की एक रिपोर्ट के अनुसार, 'डार्लिंग्स' और 'जिगरा' को मिली सराहना के बाद अब आलिया अपने प्रोडक्शन हाउस 'इटरनल सनशाइन पिक्चर्स' के तहत अमेजन प्राइम वीडियो के लिए एक हाई-कॉन्सेप्ट युवा वयस्क फिल्म बनाने जा रही हैं। आलिया खुद इस फिल्म का निर्माण करने वाली हैं। इस फिल्म के लिए उन्होंने पहली बार चॉकबोर्ड एंटरटेनमेंट के साथ हाथ मिलाया है, जिसने पहले 'गुलमोहर', 'जादूगर' और 'द मेहता बॉयज' जैसी फिल्मों का निर्माण किया था।


आलिया की इस फिल्म के निर्देशन की कमान श्रीति मुखर्जी को सौंपी गई है, जो 'ये जवानी है दीवानी' और 'ब्रह्मास्त्र' में अयान मुखर्जी की सहायक निर्देशक रह चुकी हैं। इस फिल्म के जरिए श्रीति बतौर निर्देशक अपनी शुरुआत करने जा रही हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि फिलहाल इस फिल्म की कहानी पर काम चल रहा है और इसकी शूटिंग इस साल के अंत तक शुरू हो सकती है।

## हॉलीवुड मसाला



# अभिनेत्री केली मैक नहीं रहीं

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर अभिनेत्री केली मैक, जिन्हें द वॉकिंग डेड और शिकागो मेड में अपनी शानदार भूमिकाओं के लिए जानी जाती है. 33 साल की उम्र में निधन हो गया। खबरों के मुताबिक, उन्होंने ग्लियोमा कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जंग लड़ रही थी, लेकिन वह इस जंग से हार गईं। अमेरिकी अभिनेत्री केली मैक का 33 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने गत दिवस अपने होमटाउन सिनसिनाटी में अंतिम सांस ली। केली मैक ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत बहुत ही कम उम्र में विज्ञापनों से की थी।




# रहस्यमयी आइलैंड की नई चुनौती 'वन पीस' 3 का टीजर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की लोकप्रिय वेब सीरीज 'वन पीस' अपने फैंटेसी और रोमांचक थ्रिलर अंदाज के लिए जानी जाती है। अब तक दो सफल सीजन से दर्शकों का दिल जीतने के बाद, लंबे समय से इसके तीसरे सीजन का इंतजार किया जा रहा था, जो अब खत्म हो चुका है। मेकर्स ने वन पीस सीजन 3 की आधिकारिक घोषणा कर दी है। इसके साथ ही लेटेस्ट टीजर भी जारी कर दिया है। 2023 में नेटफ्लिक्स पर इसका पहला सीजन रिलीज हुआ था, जिसे दुनियाभर में दर्शकों और क्रिटिक्स से शानदार प्रतिक्रिया मिली. अनोखी काल्पनिक कहानी और दमदार एडवेंचर ने इसे खास बना दिया. इसके बाद 2024 में दूसरा सीजन आया, जो पहले से भी ज्यादा सफल साबित हुआ। सीजन 3 में एक बार फिर इनाकी गोडोय, एमली रूड, मैकेन्यू, टेज स्काईलर और लारा अवोवा जैसे कलाकार अपने किरदारों में नजर आएंगे।



# एक चतुर नार' सितंबर में होगी रिलीज


**मुंबई।** बॉलीवुड की जानी-मानी निर्देशक, फिल्म निर्माता और अभिनेत्री दिव्या खोसला कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'एक चतुर नार' को लेकर चर्चा में हैं। इस थ्रिलर फिल्म के लिए दिव्या के साथ अभिनेता नील नितिन मुकेश नजर आएंगे। 'एक चतुर नार' के निर्देशन की कमान उमेश शुक्ला ने संभाली है, जिन्हें '102 नॉट आउट' और 'ओएमजी' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। अब फिल्म 'एक चतुर नार' को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। 'एक चतुर नार' का ट्रेलर ऋतिक रोशन, कियारा आडवाणी और जूनियर एनटीआर जैसे सितारों से सजी फिल्म 'वॉर 2' के साथ सिनेमाघरों में रिलीज हो गया है। निर्माताओं ने इसकी जानकारी देते हुए लिखा, 'ट्रेलर का असली मजा सिर्फ बड़े पर्दे पर। 'एक चतुर नार' का ट्रेलर 'वॉर 2' के साथ सिर्फ सिनेमाघरों में देखें।'



# 'परम सुंदरी' के एक दृश्य पर मचा बवाल

**मुंबई।** जल्द ही कई नई जोड़ियां फिल्मों में नजर आएंगी। इन्हीं में से एक है सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की जोड़ी, जो फिल्म 'परम सुंदरी' में दिखने वाली है। बीते दिनों फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ, जिसे काफी पसंद किया गया। अब 'परम सुंदरी' के ट्रेलर में दिखाए गए एक रोमांटिक दृश्य को लेकर विवाद छिड़ गया है। इतना ही नहीं, इस दृश्य को फिल्म से हटाने की मांग की जा रही है। फिल्म के ट्रेलर में एक दृश्य दिखाया गया है, जिसमें सिद्धार्थ-जाह्नवी चर्च में रोमांटिक अंदाज में दिख रहे हैं। इस दृश्य को आधार बनाकर ईसाई समुदाय के सदस्यों ने विरोध जताया है। वॉचडॉग फाउंडेशन ने सेंसर बोर्ड, मुंबई पुलिस, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और महाराष्ट्र सरकार को पत्र लिखकर निर्माताओं को फिल्म से इस दृश्य को हटाने का निर्देश देने को कहा है।

## टीवी मसाला



# 'क्योंकि सास भी...' का दूसरे ही हफ्ते काम-तमाम, 'अनुपमा' फिर टॉप पर

**नई दिल्ली।** एकता कपूर के शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को पिछले दिनों खूब ट्रोल किया गया। शो की मुख्य अभिनेत्री स्मृति ईरानी की जगह उनकी बॉडी डबल का इस्तेमाल करने पर लोगों ने निर्माताओं को खूब खरी-खोटी सुनाई। फैंस ने नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर स्मृति को एक्टिंग करनी ही नहीं थी तो उन्होंने शो में वापसी क्यों की। बहरहाल, ये शो अपनी लॉन्चिंग के दूसरे ही हफ्ते में टीआरपी रेस में बुरी तरह पिछड़ गया है।

***'अनुपमा' ने फिर मारी बाजी :*** बार्क हर सप्ताह टीआरपी की सूची जारी करता है, जिससे पता चलता है कि कौन-सा टीवी शो कितने पानी में है। इस सप्ताह भी बार्क ने टीआरपी लिस्ट जारी कर दी है, जिसमें अक्सर सबसे ऊपर रहने वाले रूपाली गांगुली के शो 'अनुपमा' ने फिर नंबर 1 पर धाक जमा ली, लेकिन 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' की रेटिंग लुढ़की हुई नजर आई। आलम यह है कि ये टीआरपी की सूची में लुढ़ककर चौथे स्थान पर आ गया।

***ये 3 शो रहे आगे :*** 'अनुपमा' ने इस हफ्ते नंबर 1 पर धाक जमा ली है। राजन शाही का ये धारावाहिक 2.2 रेटिंग के साथ पहले नंबर पर काबिज हो गया है। राजन शाही का धारावाहिक 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' को इस बार नंबर 2 का स्थान मिला, वो भी 2.1 रेटिंग के साथ। इस बार तो शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' तीसरे स्थान पर आ गया। इसने 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को मात देकर 2.1 रेटिंग हासिल की है।

***दूसरे हफ्ते 'क्योंकि सास.. ' को मिली बस इतनी रेटिंग :*** स्मृति का शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' पिछले हफ्ते बंपर रेटिंग के साथ पहले स्थान पर बैठा हुआ था। अब 31वें हफ्ते में इस धारावाहिक को मुंह की खानी पड़ी। दरअसल, 'क्योंकि सास...' चौथे स्थान पर आ गया है। हैरानी की बात यह है कि पहले हफ्ते 2.3 रेटिंग पाने वाले इस शो को अपनी रिलीज के दूसरे हफ्ते 1.8 रेटिंग मली है। ये न सिर्फ स्मृति, बल्कि एकता के लिए भी बड़ा झटका है।

***'क्योंकि सास...' में स्मृति को देख ठनका लोगों का माथा :*** अब देखना होगा कि 'क्योंकि सास...' को टीआरपी सूची में सबसे ऊपर लाने के लिए अब एकता क्या पैंतरा अपनाती हैं। शो के हालिया एपिसोड में स्मृति को देख दर्शकों का माथा ठनक गया। दरअसल, लोगों का कहना है कि शो में उनकी बॉडी डबल का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल किया गया है, जो अखर रहा है। दर्शकों ने तंज कसते हुए एकता और स्मृति को ये तक कह दिया था कि शो बनाने की जरूरत ही क्या थी।

# 'तेहरान' की जान हैं जॉन का बेजोड़ अभिनय...

**मुंबई।** अभिनेता और निर्माता जॉन अब्राहम एक समय अपने अभिनय से कहीं ज्यादा अपने स्टाइल और फिटनेस को लेकर चर्चा में रहते थे, लेकिन पिछले कुछ समय से वह अपनी फिल्मों से दर्शकों का ध्यान खींच रहे हैं। 'द डिप्लोमैट' के बाद जॉन अब 'तेहरान' लेकर आए हैं। उनकी यह फिल्म जी5 पर रिलीज हो गई है। 'स्त्री 2' और 'छावा' वाले निर्माता दिनेश विजान ने इस फिल्म पर पैसा लगाया है।




***दिल्ली बम धमाके के इर्द-गिर्द बुनी गई कहानी :*** कहानी साल 2012 में दिल्ली में इजरायली दूतावास के बाहर हुए एक बम धमाके पर आधारित है, जिसकी जांच की जिम्मेदारी दिल्ली पुलिस के राजीव कुमार (जॉन) को मिलती है। मिशन में उसका साथ देती हैं दिव्या राणा (मानुषी छिल्लर) और शैलेजा (नीरू बाजवा)। अब राजीव सच्चाई का पता लगाने के लिए कितनी कुर्बानियां देगा, ये फिल्म में देखने वाली बात है। देशभक्ति, भावनाओं और रोमांच से लबरेज फिल्म की कहानी में राजनीतिक तनाव और भावनात्मक जुड़ाव दोनों है।

***जॉन ने शिद्दत से निभाया किरदार :*** जॉन ने एक पुलिसवाले, एक जिम्मेदार नागरिक और एक पिता सरीखे इंसान का किरदार बड़ी शिद्दत से निभाया। शुरुआत से लेकर अंत तक उनका एक-एक सीन लाजवाब है। देशभक्ति की खुशबू में रची-बसी और गंभीर भूमिकाएं जॉन पर खूब फबती हैं और इस फिल्म में भी अपने उसी चित-परिचित अंदाज से वह दिल में घर कर जाते हैं। मानुषी छिल्लर, नीरू बाजवा और जॉन की पत्नी बनीं मधुरिमा तुली भी अपनी छोटी सी भूमिका से असर छोड़ जाती हैं।

# जॉनी लीवर का असली नाम जानते हैं आप? बेहद दिलचस्प है सरनेम के पीछे की कहानी



**मुंबई।** जॉनी लीवर बॉलीवुड के उन अभिनेताओं में शुमार हैं, जो अपनी बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों के दिलों में एक अलग छाप छोड़ने में सफल रहे हैं। कॉमेडी के बादशाह 68 साल के हो गए हैं। जॉनी ने अब तक 350 से भी ज्यादा फिल्मों में काम किया है। इस दौरान उन्होंने अपनी बेहतरीन अदाकारी के दम पर करोड़ों लोगों के दिलों को जीता। जॉनी ने दुनियाभर में खूब नाम कमाया है, लेकिन क्या आप उनका असली नाम जानते हैं?

### कैसे और कहां से मिला सरनेम 'लीवर'

जॉनी लीवर के नाम से दुनियाभर में मशहूर अभिनेता का असली नाम जॉन प्रकाश राव जनुमाला है। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि जॉनी का सरनेम 'लीवर' उनके पिता की नौकरी से जुड़ा है। जॉनी के पिता उस समय देश की नामी कंपनी हिंदुस्तान लीवर लिमिटेड में काम करते थे। जॉनी अक्सर उनके साथ दफ्तर जाते और वहां अपनी हाजिरजवाबी से लोगों को हंसा-हंसाकर लोटपोट कर देते थे। वहीं से उन्हें 'जॉनी लीवर' नाम मिला।

### 'वेलकम टू द जंगल' में नजर आएंगे जॉनी

काम के मोर्चे पर बात करें तो जॉनी को पिछली बार फिल्म 'हाउसफुल 5' में देखा गया था, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया। अब जॉनी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में नजर आएंगे। कॉमेडी फ्रैंचाइजी 'वेलकम' का तीसरा भाग 'वेलकम 3' का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे है। इस फिल्म में अक्षय कुमार, संजय दत्त, सुनील शेट्टी, अरशद वारसी, रवीना टंडन, दिशा पटानी और परेश रावल जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

## रिश्ते ना सिर्फ गहरे हैं बल्कि ये साबित करते हैं कि दिल का बंधन खून से भी ऊपर होता है

# खून का रिश्ता नहीं, फिर भी सगे से बढ़कर हैं ये स्टार किड्स सौतेले भाई-बहन

*रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन के प्यार और विश्वास का अद्भुत उत्सव है, जो रिश्तों की मिठास और मजबूती का प्रतीक माना जाता है। इस दिन चाहे खट्टी-मीठी नोक-झोंक हो या दिल से जुड़े अटूट बंधन, हर रूप में ये रिश्ता खास होता है। खास बात तो ये है कि बॉलीवुड के कई स्टार किड्स ऐसे हैं, जिनकी मां अलग-अलग हैं, लेकिन उनके बीच का प्यार और साथ किसी भी सगे रिश्तेदार से कम नहीं। हम आपको बॉलीवुड के उन भाई-बहनों की कहानी बताएंगे, जिनके रिश्ते ना सिर्फ गहरे हैं बल्कि ये साबित करते हैं कि दिल का बंधन खून से भी ऊपर होता है।*

### शाहिद कपूर और सना कपूर



शाहिद कपूर और उनकी सौतेली बहन सना कपूर के बीच गहरा प्यार और सम्मान है। शाहिद के पिता पंकज कपूर की दूसरी शादी सुप्रिया पाठक से हुई, जिनसे सना का जन्म हुआ। दोनों ने साथ में फिल्म 'शानदार' में काम किया, जो भले ही सफल ना रही, लेकिन उनकी बॉन्डिंग सोशल मीडिया पर खूब देखी जाती है।

### सारा, इब्राहिम और तैमूर, जेह



सैफ अली खान और उनकी पहली पत्नी अमृता सिंह के बच्चे सारा और इब्राहिम अली खान, सैफ की दूसरी पत्नी करीना कपूर के बेटे तैमूर और बेटी जेह के साथ बेहद करीबी रिश्ता रखते हैं। सारा अक्सर तैमूर के साथ मस्ती करते हुए नजर आती हैं और इब्राहिम भी अपने छोटे भाइयों के लिए हमेशा मौजूद रहते हैं।



### अर्जुन, अंशुला, खुशी और जान्हवी कपूर

बोनी कपूर की पहली पत्नी मोना शौरी से जन्मे अर्जुन और अंशुला कपूर और उनकी दूसरी पत्नी श्रीदेवी से खुशी और जान्हवी कपूर के बीच घनिष्ठ रिश्ता है। श्रीदेवी के निधन के बाद भी ये चारों एक-दूसरे के सहारे बने हुए हैं और एक-दूसरे का हर मुश्किल वक्त में साथ देते हैं।

***राज बब्बर के बच्चे- आर्य, जूही और प्रतीक :*** राज बब्बर के बेटे आर्य और बेटी जूही, उनकी दूसरी पत्नी स्मिता पाटिल के बेटे प्रतीक बब्बर के साथ गहरा प्रेम रखते हैं। हालांकि प्रतीक की शादी में आर्य और जूही के अभाव को लेकर चर्चाएं हुईं, लेकिन हाल ही में तीनों की एक साथ तस्वीर ने सभी संशय दूर कर दिए।

### आमिर खान के बच्चे : आइरा जुनैद और आजाद

*आमिर खान की पहली पत्नी रीना दत्ता से जन्मे आइरा और जुनैद, उनकी दूसरी पत्नी किरण राव से सरोगेसी से जन्मे आजाद के साथ बेहद प्यार करते हैं। तीनों के बीच का रिश्ता ऐसा है कि आमिर खुद इसे बेहद खास मानते हैं। वहीं, करिश्मा कपूर के पूर्व पति की वर्तमान पत्नी प्रिया सचदेव ने भी दोनों साइड के बच्चों के बीच गहरे रिश्ते की बात कही है। उन्होंने कहा कि करिश्मा के बच्चे भी मेरे बच्चे हैं और मैं उन्हें अपने बच्चों की तरह मानती हूं। हमारे बीच काफी अच्छा बॉन्ड है। प्रिया ने बताया कि उनके चार बच्चे- समायरा, सफीरा, कियान और अजारियस, एक-दूसरे से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि मैं करिश्मा की बच्चों की मां नहीं बन सकती, लेकिन उनकी अच्छी दोस्त हूं और हमेशा उनका ख्याल रखती हूं।*

## खबर संक्षेप

### सरस्वती विद्यालय में उत्साह के साथ आयोजन

**चंद्रपुर।** सरस्वती अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस इस वर्ष भी बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समलाई बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रेमकिशोर पटेल और सचिव सुपचंद पटेल द्वारा ध्वजारोहण से हुआ।
उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की स्वतंत्रता केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे शिक्षा और अनुशासन से देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में योगदान दें। इस अवसर पर समिति के सदस्य शरद अग्रवाल, बालकृष्ण गुप्ता, सीताराम देवांगन, बजरंग लाल साहू, लीलांबर देवांगन, विद्यालय प्राचार्य विनोद कुमार पटेल और हिंदी माध्यम के प्राचार्य जगन्नाथ नायक भी उपस्थित थे। विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रभात फेरी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम ने विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस का उल्लास और भी बढ़ा दिया।

### कुडेकेला में स्वतंत्रता दिवस की धूम

**कूड़ेकेला।** स्वाधीनता दिवस का 79 वाँ पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया हाथ मे तिरंगा थामे नन्हे मुन्ने बच्चे वीर बलिदानियों का स्मरण करते हुए अमर रहे के नारे लगा रहे थे बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई जो गाँव की गलियों से होते हुए वापस शाला प्रांगण पहुंची गाँव के ग्राम पंचायत भवन सहकारी समिति वन परिक्षेत्र कार्यालय आयुर्वेदिक औषधालय पशु औषधालय आँगनबाड़ी शासकीय उच्चमा विद्यालय माध्यमिक शाला प्राथमिक शाला अमरदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल एवं घर घर मे तिरंगा फहराया गया सहकारी समिति मे प्राधिकारी अधिकारी भजन राम राठिया ग्राम पंचायत में महिला सरपंच गिजेबाई संतराम राठिया द्वारा झंडा फहराया गया संस्थाओ में सभी संस्था प्रमुखो द्वारा ध्वजा रोहण किया गया स्कूलो में छात्र छात्राओं द्वारा कविता भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए पुरुस्कार वितरण एवं मिस्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### सांसद राठिया के हाथों सम्मानित हुए अमित

**सरसीवा।** 15 अगस्त को जिला सारंगढ़ के खेलभाटा में पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में अपनी कर्तव्य निष्ठा और सेवा के प्रति तात्पर्यता के लिए बिलाईगढ़ ब्लाक के खाद्य सहायक अधिकारी अमित शुक्ला को माननीय कलेक्टर संजय कन्नौजे के द्वारा विशेष सम्मान के लिए नामांकित किया गया। पूर्व में बिलाईगढ़, भटगांव और सरसीवा क्षेत्र के पोषण एवं खाद्यान्न वितरण केंद्र का भौतिक सत्यापन एवं धान उपार्जन केन्द्रों में सतत निरीक्षण और अपने कार्य के प्रति निष्ठा और ईमानदारी के साथ साथ अपने कार्य को तत्परता के साथ विशेष रूप से कार्य करने पाए जाने पर उनकी उत्कृष्ट सेवाओं को सराहते हुए सारंगढ़ जिला कलेक्टर ने उनको 15 अगस्त के सम्मान एवं पुरस्कार वितरण हेतु अंकित किया था जिसमें यह सम्मान उन्हें सांसद राधेश्याम राठिया के हाथों से सम्मान पत्र दिया गया।

### लगातार तीसरे साल करन एंड बादल टीम की जीत

# मूसलाधार बारिश, फिर भी शहर के सुभाष चौक में फोड़ी गई दही हांडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जन्माष्टमी का पर्व रायगढ़ में हर वर्ष उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाता है। प्रदेश ही नहीं बल्कि ओडिशा से भी हजारों श्रद्धालु इस पर्व को देखने के लिए रायगढ़ नगर पहुंचते हैं। प्राचीन गौरीशंकर मंदिर और श्याम मंदिर में सजने वाली स्वचालित झांकियां भक्तों को आकर्षित करती हैं, वहीं समाजसेवी संस्थाओं और नागरिकों द्वारा जगह-जगह भंडारा व प्रसाद वितरण किया जाता है। इसी कड़ी में नगर के हृदय स्थल सुभाष चौक में लगातार तीसरे वर्ष भव्य दहीहंडी का आयोजन हुआ। बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

सुभाष चौक व्यापारिक संघ द्वारा आयोजित इस दहीहंडी कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने किया। उनके साथ जिला पंचायत सीईओ जितेंद्र यादव, नगर निगम आयुक्त बृजेश छतरी, एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, नगर पुलिस अधीक्षक अनिल विश्वकर्मा और सिटी कोतवाली प्रभारी सुखनंदन पटेल मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने न केवल शुभकामनाएं दीं, बल्कि श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद भी वितरित किया।





**व्यापारिक संघ का तीसरा सफल आयोजन**

सुभाष चौक व्यापारिक संघ ने लगातार तीसरी बार इस आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न किया। भंडारे और दहीहंडी की व्यवस्था में व्यापारी वर्ग और युवा सदस्य लगातार 15 दिन से जुटे रहे। शाम 5 बजे से भंडारा प्रारंभ हुआ, साथ ही कृष्ण-राधा नृत्य जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। दही हंडी देखने हजारों की भीड़ सुभाष चौक पर उमड़ी। भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा की बेहतरीन व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन, निगम और ट्रैफिक विभाग की भूमिका सराहनीय रही।

**करन एंड बादल टीम की ऐतिहासिक उपलब्धि**

इस आयोजन में कई गोविंदा टोलियों ने शानदार प्रदर्शन किया। दुल्हन साड़ी टीम, दरोगापारा टीम, अंकुर गोरखपुर टीम और कोतरा रोड करन एंड बादल टीम ने दांव आजमाए। लगातार दो वर्षों से विजेता रही करन एंड बादल टीम ने इस बार इतिहास रच दिया। टीम ने पहले ही प्रयास में तीनों मटकियां फोड़ दीं और लगातार तीसरी बार विजेता बन गई। समाजसेवी सुनील अग्रवाल (लेन्ध्रा) ने विजेता टीम को नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। साथ ही दो बार मटकी फोड़ने वाले गोविंदाओं को 5100 रुपये की सम्मान राशि प्रदान की गई। कई गणमान्य नागरिकों ने भी नकद इनाम की घोषणा कर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।




## सरस्वती अंग्रेजी माध्यम स्कूल में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

सरस्वती अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चंद्रपुर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़े हर्षोल्लास और आस्था के वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों, पालकों और समलाई बाल कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा अर्चना से हुआ, जिसके बाद विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन प्रसंगों पर आधारित नाटकीय रूपांतरण प्रस्तुत किए। कालिया वध और कंस वध का मंचन तथा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की झलक ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इसके साथ ही रासलीला और गोपाला नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा में टॉप.10 में स्थान प्राप्त करने वाले प्रवीण प्रजापति और शुभम देवांगन का विशेष सम्मान किया गया। समलाई बाल कल्याण समिति की ओर से दोनों विद्यार्थियों को 21,000 रुपये की राशि भेंट की गई। इसके अतिरिक्त आरटीई योजना के अंतर्गत प्रवेशित विद्यार्थियों को ड्रेस, किताबें और बैग वितरित किए गए, जिससे उनके चेहरे पर प्रसन्नता झलक उठी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने नगर में रैली निकालीए जिसमें राधा कृष्ण और कंस की झांकियों ने नगरवासियों को आकर्षित किया। नगरवासियों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया तथा आगंतुकों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की।

## सरसीवा क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया राष्ट्रीय पर्व

**सरसीवा।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त बड़ी धूमधाम से हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया वहीं नगर पंचायत सरसीवा में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुलेचन बंजारे के द्वारा उपाध्यक्ष एवं पार्षद गणों के साथ सी एम ओ की उपस्थिति में झंडा फहराया गयाए वही शाहिद विवेक शुक्ला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व आत्मानंद स्कूल में प्राचार्य बीएल कुर्रे के द्वारा झंडा फहराया गया, कन्या हई स्कूल मैं शाला विकास समिति के अध्यक्ष शिवरात्रि केस रवानी के द्वारा झंडा फहराया गया।

वहीं तहसील कार्यालय में नायब तहसीलदार आयुष तिवारी के द्वारा झंडा फहराया गया पशु चिकित्सालय के वी ई यो रविंद्र कुर्रे के द्वारा झंडा फहराया गया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर मुकेश साहू के द्वारा झंडा फहराया गया। सरस्वती शिशु मंदिर में कमल नयन बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश जालान के द्वारा झंडा फहराया गया, किसान खाद वितरण सोसायटी में किसान समिति के अध्यक्ष झाड़ू राम के द्वारा झंडा फहराया गया वहीं जिला सहकारी बैंक में संस्था प्रमुख जे डी पटेल के द्वारा झंडा फहराया गया बालक छात्रावास में छात्रावास अधीक्षक भूषण राय के द्वारा झंडा फहराया गया। वहीं पूर्व विधायक चंद्रदेव राय ने अपने बालपुर निवास स्थान में अपने कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों के समक्ष झंडा फहराया गया। पुलिस थाना सरसीवा में थाना प्रभारी मीणा यादव के द्वारा झंडा फहराया गया वही मीडियम इंग्लिश संत मेरी में स्कूल में झंडा फ्रांसिस कुजूर के द्वारा फहराया गया का इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस की 79 वर्ष गांठ 15 अगस्त को 9 बजे सुबह नगर में विशेष झांकी निकाला गया जो मेंन रोड से होते हुए सारंगढ़ से सरायपाली चौक पहुंच कर वहां से घूमते हुए वापस अपने अपने गंतव्य स्थान की ओर वापस हुए। जिसमें शाहिद विवेक शुक्ला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कन्या हाई स्कूल और आदर्श पब्लिक स्कूल के साथ साथ नगर के मिडिल स्कूल एवं प्राथमिक स्कूल के छोटे बच्चों का रंग बिरंगी कपड़ों में झांकी बहुत सुंदर दिखाई दे रहा था। जो एक आकर्षक का केंद्र बना हुआ था।



### स्काई एलॉयज़ में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**खरसिया।** स्वतंत्रता दिवस का पर्व स्काई एलॉयज़ एंड पावर लिमिटेड परिसर में इस वर्ष भी पूरे उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में कंपनी के निदेशक विकास अग्रवाल की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। मुख्य अतिथि बृजभूषण अग्रवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर समारोह की शुरुआत की। झंडा फहराते ही वहां मौजूद कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने जोरदार तालियां बजाकर देश के प्रति अपनी निष्ठा और गर्व का इजहार किया। इस अवसर पर कारखाना प्रमुख अर्जुन कुमार मालाकार, मानव संसाधन विभाग और वरिष्ठ अभियंताओं की टीम ने आसपास के गांव टेमटेमा, सेंद्रीपाली और कनमुरा के शासकीय विद्यालयों में प्रसाद और पेन का वितरण किया। बच्चों ने इसे उत्साहपूर्वक ग्रहण किया और उनके चेहरे खिल उठे। कारखाना परिसर में मिठाई वितरण के साथ समारोह का समापन हुआ। इस अवसर पर कर्मचारियों ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव नहीं बल्कि यह अवसर है जब हम सब मिलकर संकल्प लें कि देश को समृद्ध बनाने के लिए पूरी निष्ठा और मेहनत से योगदान देंगे।

## दही लूट मटकी फोड़ के साथ छात्रों ने निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

कृष्ण जन्माष्टमी पर शनिवार को सुबह सरस्वती शिशु मंदिर के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना के बीच श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। इस दौरान सरस्वती शिशु मंदिर से बाजे गाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बच्चों ने भाग लेकर दही लूट का आनंद उठाया। सरस्वती शिशु मंदिर के नन्हे बच्चों ने झांकियां के साथ शोभायात्रा निकाली। जिसमें अटल चौक, महात्मा गांधी चौक, हटरी चौक के साथ साथ नगर का भ्रमण करते हुए जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में भव्य दही लूट व मटका फोड का आनंद उठाया।

इस मौके पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष अरुण शराप ने कहा कि आपसी भाईचारे व प्रेम की सीख बच्चों को श्री कृष्ण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। तथा बच्चों को समाज एवं देश हित में कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। श्री कृष्ण का हर संस्कार अनुकरणीय है। आज सरस्वती शिशु मंदिर के नन्हे मुन्ने छात्राओं में भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला के साथ.साथ नगर में शोभा यात्रा निकालकर समाज को यह पाठ पढ़ाया कि हमारे कर्म ही जीवन की दशा और दिशा तय करते हैं। कर्म की प्रधानता भगवान श्री कृष्णा की संदेशों में सबसे ऊपर है। यही वजह है कि भगवान श्री कृष्ण कई ईश्वरीय रूप में भी आम इंसानों से जुड़े से दिखते हैं। मनुष्य ही नहीं संसार के समस्त प्राणियों के लिए उनका एकात्मक भाव देखते ही बनता है। नगर पंचायत उपाध्यक्ष अरुण शराप ने कहा कि माननीय व्यवहार और संस्कार की शालीनता बताती है कि भगवान श्री कृष्ण मानवता के प्रतिनिधि और लोक कल्याण के मार्गदर्शक हैं। जनमानस की आत्मा में बसे ऐसे अवतार हैं। जिनका जीवन अनगिनत कहानियों और लीलाओं से भरा है। तभी तो भगवान श्री कृष्ण सामाजिक एधार्मिकए दार्शनिक और राजनीतिक हर क्षेत्र में सारथी की भूमिका में सच्चे हित ऐसी कह जाते हैं। आज विश्व में जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में सरिया में भी यहां की युवाओं के द्वारा नगर के विचार मंथन मंच पर भव्य तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम का आयोजन किया गया है। सरस्वती शिशु मंदिर के श्री कृष्णा शोभा यात्रा को सफल बनाने में संस्था के व्यवस्थापक पंचानन दास, अध्यक्ष अरविंद प्रधान सहित समस्त पदाधिकारियों एवं संस्था के प्रधानाचार्य एआचार्य का सहयोग सराहनीय रहा।



## रमापति विद्यालय चंद्रपुर में प्रभात फेरी व झांकी

**चंद्रपुर।** 15 अगस्त को रमापति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंद्रपुर (हिंदी और अंग्रेजी माध्यम) में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय प्राचार्य शिवनाथ पटेल और प्रधान अध्यापिका रीता साहू ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके बाद पूरे नगर में भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में विद्यार्थियों ने भारत माता, महात्मा गांधी, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद और सुभाषचंद्र बोस सहित देश के अमर शहीदों की झांकियां प्रस्तुत कीं। वहीं छत्तीसगढ़ की संस्कृति और राष्ट्रीय एकता का संदेश देने वाले गेटअप भी आकर्षण का केंद्र रहे। झंडा गीत और जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा। स्काउट और गाइड के बच्चों ने बैंड-बाजे के साथ मार्च किया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर रामकृष्ण साहू और उनकी सुपुत्री सौम्या साहू की उपस्थिति रही।

## गढ़उमरिया में शान से फहराया गया तिरंगा

**रायगढ़।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत गढ़उमरिया में तिरंगा उत्साह और गौरव के साथ लहराया गया। पूरे गांव में देशभक्ति का माहौल रहा और ग्रामीणों के साथ बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

ग्राम पंचायत की सरपंच फूलबाई यादव ने सबसे पहले हाई स्कूल प्रांगण में ध्वज फहराया। इसके बाद पंचायत भवन और आंगनबाड़ी भवनों में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। ध्वजारोहण के समय उपस्थित ग्रामीणों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच राष्ट्रगान गाकर देशभक्ति की भावना को व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूली बच्चों द्वारा निकाली गई प्रभात फेरी से हुई। बच्चों ने हाथों में तिरंगा लेकर गांव की गलियों में भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए। प्रभात फेरी ने पूरे गांव में स्वतंत्रता दिवस का उल्लास फैलाया और हर गली-चौराहे पर देशभक्ति की गूंज सुनाई दी। ध्वजारोहण के बाद सरपंच फूलबाई यादव ने कहा कि देश की स्वतंत्रता अनगिनत वीर सपूतों के बलिदान से प्राप्त हुई है। हमें इसे संजोकर रखना है और आने वाली पीढ़ी को भी इसकी महत्ता समझानी होगी। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की उपस्थिति रही। अंत में बच्चों को मिठाइयां बांटी गईं और सभी ने गांव की एकता, विकास और देश की प्रगति के लिए संकल्प लिया।



## तमनार में स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित हुए विद्यार्थी

**तमनार।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल तमनार में शाला विकास समिति अध्यक्ष मंगल साव प्रिंसिपल बीके वर्मा अन्य गणमान्य नागरिको द्वारा भारत माता, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पूजा अर्चना ध्वजारोहण कर 79 वें स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल तमनार के छात्र छात्राओं द्वारा बस स्टैंड जगन्नाथ मंदिर पारा, थानाएबेटी बचाओ चौक में प्रभात फेरी झांकी निकाल कर भारत माता छत्तीसगढ़ महतारी अमर शहीदों का जयघोष किया गया। छात्र छात्राओं द्वारा हिंदी छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रमो की मनमोहक प्रस्तुति से दर्शक गदगद नजर आए। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल तमनार स्वामी आत्मानंद पीएमश्री इंग्लिश मीडियम स्कूल तमनार में ध्वजारोहण के बाद देश भक्ति मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम से दर्शक मंत्रमुग्ध हुए।

### ग्राम पोरडी से पाइप चोरी कर कबाड़ी को बेचा था

# घरघोड़ा पुलिस ने किया 85 पाइप चोरी का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

घरघोड़ा थाना पुलिस ने चोरी की वारदात का पर्दाफाश करते हुए दो सक्रिय चोरों और चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी के 85 नग लोहे के पाइप, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, तराजू-बाट और नकदी जब्त किए हैं।

ग्राम कुर्मीभौना निवासी दम्बोदर बेहरा (43 वर्ष) ने थाना घरघोड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम पोरडी स्थित खेत में निर्माणाधीन शेड के लिए रखे गए करीब 85 नग लोहे के पाइप, जिनकी कीमत लगभग 40 हजार रुपये है, 15-16 अगस्त की रात चोरी हो गए। शिकायत पर अपराध क्र. 207/2025 धारा 303(2) बीएनएस दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक कुमार गौरव साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ढोरम बाईपास रोड में घेराबंदी कर संदेही प्रेमसिंह राठिया उर्फ पिंटु (26 वर्ष) और प्रदीप यादव (23 वर्ष) को पकड़ा। पूछताछ में दोनों ने कबूल किया कि चोरी किए गए पाइप नावापारा घरघोड़ा के कबाड़ी बादशाह शेख (20 वर्ष) को 1000 में बेचे थे।




**कबाड़ी भी चढ़ा पुलिस के हत्थे**

बादशाह शेख को भी हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने चोरी का सामान खरीदने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों से नकदी 800 भी जब्त किए। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक कुमार गौरव साहू, एएसआई रामसाजीवन वर्मा, आरक्षक प्रदीप तिगा, दिनेश सिदार और उद्यो पटेल की सक्रिय भूमिका रही।

